उत्तर प्रदेश
Uttar Pradesh

# फिरोजाबाद में पुलिस ने पकड़ा 30 बोरी नकली नमक



**फिरोजाबादः** यूपी के फिरोजाबाद जिले में बड़ी कंपनी के नाम पर बेचा जा रहा नमक पकड़ गया है. पुलिस ने कोटला रोड स्थित सूरज किराना स्टोर पर छापेमारी कर 30 बोरियों में नकली टाटा नमक भरा पकड़ा. दुकान से 15 सौ पैकट नमक बरामद हुआ.एक बोरी में 50 पैकट होते है.टाटा कम्पनी के मैनेजर के साथ पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से हड़कंप मच गया. इंस्पेक्टर उत्तर राजेश पांडेय ने बताया कि किराना स्टोर मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है. पता लगाया जा रहा है कि यह नमक कौन खपा रहा था.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/snippets/!state/police-caught-fake-salt-in-firozabad-crime-latest-news-ups24102401322